न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जिला शाहपुरा (राज0)

पीठासीन अधिकारी श्री पुनीत कुमार गेलड़ा, आर0ए0एस0

प्रकरण संख्या – 180 / 2023

उनवान

1– चान्दु पत्नी उगमा कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
2– जगदीश पिता उगमा कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
3– नाथूलाल पिता देवकिशन कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
4– रतन पिता उगमा कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
5– रामकन्या पुत्री देवकिशन कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
6– रामबक्ष पुत्र देवकिशन कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
7– सुखी पुत्री देवकिशन कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
8– संतोक पत्नी नारायण कुम्हार निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा

– प्रार्थीगण

बनाम

1– रामेश्वरलाल पिता रामनारायण सुवालका निवासी कोटड़ी जिला भीलवाड़ा
2– उदा पिता दयाराम गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
3– रूपा पुत्र हजारी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा

– विपक्षीगण

उपस्थिति :– श्री मोहम्मद शरीफ
अधिवक्ता प्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट, 1956

–:: निर्णय ::–

दिनांक– 06/09/2023

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विरूद्ध विपक्षीगण के प्रस्तुत किया गया, जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है – ग्राम **सालरिया खुर्द पटवार हल्का गिरड़िया** तहसील शाहपुरा जिला शाहपुरा में स्थित **आराजी नम्बर 1376 / 1883 रकबा 0.71 है0** कुल किता **1** रकबा **0.71** हैक्टेयर के प्रार्थीगण **संयुक्त खातेदार काश्तकार** है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य आराजी के सीमाचिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सम्बन्धी विवाद उत्पन्न होता रहता है। अतः पत्थरगढ़ी करवाई जावें।

प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर **विपक्षीगण** को जरिये सम्मन तलब किया गया। **विपक्षीगण संख्या 2** बावजूद सूचना उपस्थित नही होने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गयी तथा **विपक्षीगण सं0 1, 3** के विरूद्ध अभिभाषक प्रार्थीगण के कोई कार्यवाही नहीं चाहने से उनके विरूद्ध कार्यवाही ड्रोप की जाकर बहस अभिभाषक प्रार्थीगण सुनी गई। हमने पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबन्दी **ग्राम सालरिया खुर्द पटवार हल्का गिरड़िया संवत 2074 से 2077** तक का अवलोकन किया। उपरोक्त वर्णित आराजीयात् **प्रार्थीगण के संयुक्त खातेदारी में** दर्ज होकर अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अतः **प्रार्थीगण** द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकारं किया जाकर मौजा **सालरिया खुर्द** में स्थित प्रार्थीगण की उपरोक्त **संयुक्त खातेदारी** की आराजीयात् किता **1 रकबा 0.71 हैक्टेयर** की पुख्ता पत्थरगढ़ी पक्षकारान् की मौजूदगी में अगर मौके पर अन्य कोई विवाद न हो तो व कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन न हो तो कब्जे में हस्तक्षेप नही करते हुये पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार शाहपुरा को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। पत्थरगढ़ी हेतु कमिश्नर **फीस 500 /– रूपये** कायम किये जाते है, जो प्रार्थीगण से तहसीलदार शाहपुरा मौके पर प्राप्त करें। पत्थरगढ़ी मौका पर्चा पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम से हो। बाद तफसील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक **06/09/2023** को सरे ईजलास सुनाया गया।

(पुनीत कुमार गेलड़ा)
उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलक्टर
शाहपुरा जिला शाहपुरा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार शाहपुरा के पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान् की मौजूदगी में नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावें।

उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलक्टर
शाहपुरा जिला शाहपुरा